तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

बिना किसी डर के अपने मतदान का इस्तेमाल करें महिलाएं 12


छात्रों ने नशा न करने की ली शपथ 12


**खबर संक्षेप**

### पानीपत में महिला की बालियां ठगी

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड निवासी निर्मला के साथ ठगी हो गई। एक महिला और दो युवकों ने निर्मला रास्ते में रोका। जहां उससे मदद मांगने के बहाने उसे बातों में उलझाया। इसके बाद उसके कानों की बालियां उतरवाकर बदमाश ले गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने निर्मला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैंटर की टक्कर से बच्चे की मौत

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी क्षेत्र के आईओसीएल चौक पर तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विजय निवासी गांव समसपुरा जिला कुरूक्षेत्र इसकी पत्नी सुमन व तीन साल का पुत्र हरमनप्रीत घायल हो गए। हादसे में हरमनप्रीत की मौत हो गई। जबकि सुमन व विजय का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### पुलिस ने लूट के चार आरोपी पकड़े

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने नारायणा गांव के नजदीक युवक से गन पॉइंट पर बाइक व मोबाइल फोन छीनने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिद पुत्र सोमिन, रितिक पुत्र अनिल, गुलफान पुत्र अदरिश निवासी दाहा बागपत व समीर पुत्र इमरान निवासी मांडी मुजफ्फर नगर यूपको समालखा नेस्ले रोड से गिरफ्तार किया।

### बिहार प्रवासी नशा तस्कर का दबोचा



**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सेक्टर 13/17 दशहरा ग्राउंड में एक नशा तस्कर को 4 किलो 300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शत्रुधन दास पुत्र दशरथ निवासी सरया पहाड गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी पर थाना हुडा सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

# चैत्र नवरात्र में बन रहे पांच दिव्य राजयोग का महासंयोग

## घोड़े पर सवार होकर आएगी माता रानी

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिप्रदा तिथि से चैत्र नवरात्र की शुरूआत होती है। ऐसी मान्यता है जो भक्त इस व्रत को पूरी श्रद्धा भाव के साथ करता है, उसे शुभ फल की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के पवित्र नवरात्रि 9 से शुरू हो रहे हैं। इस दिन से लोग घर में विशेष घटस्थापना करते हैं और नवरात्रि की शुरूआत करते हैं। इस दिन कलश स्थापना या घटस्थापना का विशेष महत्व होता है। इस दौरान मां दुर्गा के व्रत रखें जाएंगे और उनकी अखंड ज्योत जलाई जाएगी। 16 अप्रैल, के दिन अष्टमी मनाई जाएगी, वहीं 17 को राम नवमी के साथ व्रत का समापन होगा। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि इस बार माँ घोड़े पर सवार होकर आ रही है। कहा जाता है कि घोड़े पर माता रानी का आगमन शुभ नहीं होता है इससे देश दुनिया में अशुभ परिणाम देखने को मिलेंगे। चैत्र नवरात्रि में अबकी बार 5 दिव्य राजयोग का महासंयोग बना हुआ है। नवरात्रि का आरंभ इस बार ऐसे संयोग में होगा जब गजकेसरी योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश राज योग, बुधादित्य योग और मालव्य राजयोग एक साथ बन रहे हैं। चैत्र नवरात्रि का आरंभ 9 अप्रैल से होगा। पांच राजयोग के अलावा सर्वार्थ सीद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का संयोग भी बना है। इन सभी शुभ संयोग के बीच नवरात्रि के 9 दिन मां भगवती की आराधना होगी और आपको धन लाभ के साथ कारोबार में भी मनचाही सफलता होगी।



पंडित रामराज कौशिक

- चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू, 17 को राम नवमी के साथ व्रत का समापन होगा

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

कलश स्थापना का सामान्य मुहूर्त सुबह 6.05 से 10.16 बजे तक (4 घंटे 11 मिनट) है वहीं चैत्र नवरात्रि कलश स्थापना का शुभ अभिजित मुहूर्त सुबह 11.57 बजे से दोपहर 12.47 बजे तक यानी 50 मिनट है।

### चैत्र नवरात्रि तिथियां

9 अप्रैल- मां शैलपुत्री की पूजा
10 अप्रैल- मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
11 अप्रैल - मां चंद्रघंटा की पूजा
12 अप्रैल- मां कुष्माण्डा की पूजा
13 अप्रैल - मां स्कंदमाता की पूजा
14 अप्रैल - मां कात्यायनी की पूजा
15 अप्रैल - मां कालरात्री की पूजा
16 अप्रैल - मां महागौरी की पूजा, अष्टमी पूजन
17 अप्रैल- मां सिद्धिदात्री की पूजा, नवमी पूजन

# पुजारी हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने पुजारी की हत्या मामले की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या करने के दो आरोपियों अमन उर्फ बुधवार पुत्र जगबीर सिंह वासी सुनारिया कलां जिला रोहतक व दीपक कुमार उर्फ छोटू पुत्र नन्द लाल दिगम्बर जैन मंदिर ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र हॉल वासी गणेश कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि थाना केयूके में दिए अपने बयान में दान सिहं उर्फ दीनेश पुत्र जीत सिहं वासी सल्ली जिला चम्पावत उतराखण्ड ने बताया कि वह पिछले 4 सालो से यहां दिगम्बर जैन मन्दिर धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे अपने परिवार सहित बतौर चौंकीदार का काम करता है । इसी मन्दिर मे पुजारी का काम पंडित हुकम चन्द जैन करता है जो इसी मन्दिर मे बनी धर्मशाला मे उसके साथ रहता था। 2 अप्रैल की रात्रि को वह अपने परिवार के साथ अलग कमरे मे व पुजारी हुकम चन्द अपने अलग कमरे मे सो गए थे। जब वह सुबह करीब 4 बजे उठा और पुजारी हुकम चन्द के कमरे मे गया तो देखा कि हुकम चन्द मृत अवस्था मे अपने तख्त पर पडा था। मामले की गहनता से जांच करते हुए पुलिस टीम ने पुजारी की हत्या करने के आरोप में अमन उर्फ बुधवार पुत्र जगबीर सिंह वासी सुनारिया कलां जिला रोहतक व दीपक कुमार उर्फ छोटू पुत्र नन्द लाल दिगम्बर जैन मंदिर ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र हॉल वासी गणेश कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

# कश्यप जयंती मनाकर लौट रहे एक गांव के तीन किशोरों की हादसे में मौत

## प्रतापनगर-बिलासपुर मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- कुटीपुर गांव के ही तीन अन्य किशोर घायल
- एक की हालत गंभीर

जिले के प्रतापनगर-बिलासपुर मार्ग पर सड़क हादसे में कुटीपुर निवासी तीन किशोरों की मौत हो गई। गांव के ही तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर यमुनानगर रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने कार व दोनों बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एक ही गांव के तीन युवकों की मौत से गांव में मातम पसर गया। सभी मृतक व घायल बाइकों पर कपालमोचन में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती मनाने के बाद वापस घर लौट रहे थे।

कुटीपुर निवासी छह युवक दो बाइक पर सवार होकर बिलासपुर में आयोजित कश्यप जयंती में भाग लेकर वापस घर लौट रहे थे। गांव तिहमों के समीप तेज रफ्तार स्वफ्टि कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार सभी युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई। दुर्घटना के बाद सीएचसी प्रताप नगर की मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया। एंबुलेंस से घायलों को सी एचसी प्रताप नगर लाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने 16 वर्षीय रोहित व 17 वर्षीय मोहित को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विजय, अर्श, शिवम व प्रिंस को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। ट्रामा सेंटर पहुंचते ही 15 वर्षीय विजय की भी मौत हो गई। दुर्घटना में शामिल कार व दोनों बाईक को कब्जे में ले लिया

दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रताप नगर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है। दुर्घटना में शामिल कार व दोनों बाईक को कब्जे में ले लिया है। तीन युवकों की मौत के बाद कश्यप जयंती की खुशियों की बजाय गांव कुटीपुर में मातम पसरा हुआ है।



यमुनानगर में सड़क हादसे में मौत का शिकार हुए नाबालिगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### बस टायर के नीचे आने से बच्ची की मौत

**यमुनानगर।** जिले के प्रताप नगर स्थित शिवालिक हाई स्कूल के बस ड्राइवर की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बस ड्राइवर ने छोटे बच्चों को नीचे उतार कर बैक गियर लगा दिया। जिससे तीन बच्चे बस के नीचे आ गए। जिसमें से दो बच्चों को एक महिला ने खींच लिया जबकि एक बच्ची टायर के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टिब्बी अराइयां निवासी जीराम ने बताया कि उन्होंने हाल ही में अपने दो बच्चों साढ़े तीन वर्षीय बेटी मिस्टी व 5 वर्षीय बेटे लविश का दाखिला प्रताप नगर स्थित शिवालिक स्कूल में करवाया था। पहली अप्रैल से बच्चे स्कूल जाने शुरू हुए थे। आज शाम को स्कूल की बस आई। जिसमें परिचालक नहीं था, केवल चालक था। उसने छोटे बच्चों को सड़क पर ही उतार दिया और बैक गियर लगा दिया। जिससे तीन बच्चे बस के नीचे आ गए। मौका पर खड़ी उनकी पत्नी ने दो बच्चों को खींच लिया जबकि उनकी बेटी मिस्टी टायर के नीचे आ गई।



बच्ची का फाइल फोटो

# हत्या के बाद श्मशान घाट में दफनाए बच्चे का निकाला शव, पैनल से कराया पोस्टमार्टम

## गला रेतकर एक माह के बच्चे की हत्या करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- बच्चे के गले पर मिले काटने के निशान

यमुनानगर की शिवपुरी बी कॉलोनी में नवजात की गला रेतकर हत्या करने के बाद में ससौली के श्मशान घाट में दफनाए शव को शुक्रवार सुबह निकाला गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट डा. विजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने करीब एक घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान गड्ढे को खोदकर बच्चे के शव को बाहर निकाला। इसके बाद तीन डॉक्टरों के पैनल से उसका पोस्टमार्टम कराया गया। इस पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की गई। प्राथमिक जांच में बच्चे के गले पर तेजधार हथियार से काटने के निशान मिले हैं। जिससे उसकी गला रेतकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। लेकिन उसकी हत्या किसने की यह अभी संदिग्ध है। हालांकि गांधी नगर पुलिस ने बच्चे के पिता की शिकायत पर उसकी मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया हुआ है। लेकिन पुलिस हत्यारोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया है।

शिवपुरी बी निवासी सुमित की शिकायत पर वीरवार को उसकी पत्नी पर बच्चे की हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया था। तब सुमित ने बताया था कि बच्चे की मौत के बाद शव को ससौली श्मशान घाट में दफना दिया था। इसके बाद गांधी नगर थाना प्रभारी महरूफ अली ने उपायुक्त को बच्चे के शव को श्मशान घाट से निकलवाने के लिए ड्यूटी मिजिस्ट्रेट को नियुक्त करने के लिए पत्र लिखा था। डीसी के आदेश पर बच्चे के शव को निकलवाने के लिए डा. विजय कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट डॉ. विजय कुमार के साथ डा. जिग्नेश, डा. सचिन शर्मा व एफएसएल के डॉक्टर चंद्रशेखर शुक्रवार सुबह पुलिस बल के साथ ससौली श्मशान घाट पहुंचे। पुलिस की तरफ से डीएसपी राजेश कुमार व गांधी नगर थाना प्रभारी महरूफ अली अपनी टीम के साथ पहुंचे। करीब साढ़े नौ बजे बच्चे के शव को निकालने के लिए गढ्डे की खुदाई शुरू की गई। करीब एक घंटे तक पुलिस कार्रवाई चली। इसके बाद शव को सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों के पैनल से उसका पोस्टमार्टम करवाया गया है।

### ये है मामला

शिवपुरी बी निवासी सुमित की पांच वर्ष पहले अधोई निवासी कोमल से शादी हुई थी। इस शादी से उनके पास दो वर्ष का बेटा है। पत्नी दूसरी बार गर्भवती हुई। आठ माह बाद उसे प्रसव पीड़ा होने लगी थी। जिस परउसने पत्नी को सिविल अस्पताल यमुनानगर में दाखिल कराया। जहां उसने दो मार्च को बच्चे को जन्म दिया था। 24 मार्च को अस्पताल से उन्हें छुट्टी मिल गई। इसके बाद से पत्नी व बच्चा दोनों घर पर ही एक कमरे में थे। दो अप्रैल की सुबह वह उठा तो बच्चा कमरे में मृत मिला था। दो अप्रैल को उसके बच्चे को गला रेतकर मारा गया। पत्नी ने ही बच्चे के गुम होने का झूठा शोर मचा दिया। जब तलाश की तो बच्चे का शव कपड़ों में लिपटा मिला। वहीं पत्नी का आरोप है कि उसका पति नशे का आदी है। वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। रात को वह सोई हुई थी। सुबह जब आंख खुली तो वह कमरे में पहुंची। जहां उसका बच्चा नहीं था। इधर उधर देखा तो बच्चे का शव कपड़ों में लिपटा हुआ था। उसके पति व ससुराल वालों ने आनन फानन में बच्चे के शव को दफना दिया था। वीरवार को बच्चे के पिता सुमित ने गांधी नगर थाना पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें उसने कोमल पर हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद मामले में बच्चे की मां कोमल पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने दी रिमांड के दौरान यातनाएं, मां की फरियाद पर चिकित्सकों ने की मेडिकल जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- अदालत में याचिका दायर कर मां ने सीआईए पर बेटे को थर्ड डिग्री देने का लगाया था आरोप, मेडिकल जांच के दौरान वीडियोग्राफी करवाने की भी लगाई गुहार

सीआईए ने रिमांड के दौरान युवा किसान व वाटर कैनन ब्वॉय के नाम से मशहूर नवदीप सिंह जलबेहड़ा को थर्ड डिग्री इस्तेमाल करने के आरोप लगाए हैं। नवदीप की मां नरेंद्र कौर ने सीआईए पर उसके बेटे को खूब यातनाएं देने के साथ ही कई आरोप लगाए हैं। अदालत में एक याचिका दायर कर तुरंत उसकी बेटे की मेडिकल जांच की मांग की है।

अदालत ने याचिका पर संज्ञान लेते हुए अंबाला सेंट्रल जेल के अधीक्षक और जिला सिविल सर्जन को तुरंत नवदीप जलबेहड़ा का मेडिकल कराने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश के बाद नवदीप जलबेहड़ा का डॉक्टरों के पैनल द्वारा मेडिकल कराया गया। इससे पहले परिजनों ने अंबाला पुलिस पर नवदीप को अवैध हिरासत में रखने के आरोप लगाए थे। एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि कोर्ट ने तुरंत नवदीप का मेडिकल कराने के आदेश दिए हैं।

### मोहाली एयरपोर्ट से 28 मार्च को गिरफ्तार किया था

बता दें कि सीआईए वन की टीम ने युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा व उसके साथी को मोहाली एयरपोर्ट से 28 मार्च को गिरफ्तार किया था। 29 मार्च को कोर्ट में पेश किया था। यहां हत्या के प्रयास के एक केस में पुलिस ने रिकवरी के लिए नवदीप को तीन दिन के रिमांड पर लिया था। इस दौरान नवदीप की मां ने पुलिस पर थर्ड डिग्री दिए जाने के आरोप लगाए।

### 12 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने 12 वर्षीय लड़की को रास्ते में रोककर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 मार्च को शाम सात बजे उसकी 12 वर्षीय लड़की गांव में ही किसी काम से जा रही थी। रास्ते में गांव के ही यमराज ने उसकी लड़की को रोक लिया और उसके साथ जबरदस्ती गलत काम करने का प्रयास किया। उसकी लड़की के शोर मचाने पर आरोपी युवक वहां से भाग गया। उसकी लड़की ने घर आकर उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# रूई कारखाने में आग से लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

पानीपत के गांव डाहर स्थित रूई के कारखाने में आग लग गई। कई घंटों की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव डाहर में राधे कृष्णा एंटरप्राइजिज में आग लग गई। जिसकी सूचना कारखाने के मालिक अतुल गुप्ता ने सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना के बाद तीन फायर बिग्रेड की तीन गाडियों मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्त के बादआग पर काबू पाया गया। आगजनी की इस घटना में मशीन, तैयार माल व कच्च माल जलकर राख हो गया। अतुल गुप्ता के अनुसार इससे उनका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं डायल 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। वही दमकल अधिकारी कारखाने में आग लगने के कारणों व आगजनी से हुए नुकसान की जांच कर रहे है।



पानीपत। आग में जला रूई का कारखाना। फोटो : हरिभूमि

### अचानक झुग्गी-झोपडि़यों में लगी आग, हादसा टला

**करनाल।** सेक्टर 32-33 के नजदीक खाली मैदान बनी झुग्गी झोपडि़यों में शाम के समय अचानक आग लग गई, जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। आग की सूचना तुरंत ही दमकल को दी गई। गनीमत है कि जिस वक्त झुग्गी झोपडि़यों में आग लगी, उस वक्त इनमें रहने वाले अपने-अपने कामों से बाहर गए हुए थे। मिली जानकारी अनुसार सेक्टर 32-33 के नजदीक खाली मैदान बनी झुग्गी झोपडि़यों में अचानक आग लग गई, फिलहाल के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई हैं।

**विडंबना** | सड़कों पर बैठे रहते मवेशी, हादसों का बना रहता अंदेशा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# लावारिस पशुओं का आतंक, शहर के लोगों के लिए बने सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

- लावारिस पशुओं से शहर में कई बार हो चुके हादसे

शहर के प्रत्येक रास्ते पर, गली और मोहल्लों में फिलहाल आवारा पशुओं के झुंड नजर आ रहे हैं। बीच रास्ते पर खड़े पशुओं से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है यही समस्या गली और मोहल्लों में आ रही है। पशु लोगों के लिए सिरदर्द हो रहे हैं। क्या नगर पालिका प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं है या किसी की नींद खुलेगी ऐसे कई सवाल शहर के लोगो द्वार किए जा रहे हैं। आवारा पशुओं द्वारा शहर मे कई हादसे हो चुके है। शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती सख्यां लोगों के लिये सिरदर्द और जान का खतरा बन रही है। मेन रोड ही नहीं बल्कि हर गली मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है। स्थिति यह है कि शहर में आवारा बैल और सांड बीच सडक़ पर बैठे रहते है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। कई बार दुपहिया वाहन चालक पशुओं को बचने के चक्कर में फिसल जाते है, जिससे वह चोटिल हो जाते हैं। लेकिन जिम्मेदार प्रशासन इस और नहीं दे रहे हैं, जिससे शहर के लोगों को इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। ऐसे में कभी किसी के साथ हादसा हुआ तो फिर इस के लिए जिम्मेदार कौन ऐसा सवाल शहर की जनता उपस्थित कर रही है। तरावड़ी में आवारा पशुओं में सबसे ज्यादा खतरनाक और सिरदर्द सांड होते है। सडक़ और सार्वजनिक स्थानों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं।

सब्जी मंडी में भी आवारा पशुओं से व्यवसायी और बाजार में आने वाले ग्राहक परेशान हो रहे है। इसी प्रकार गली मोहल्लों में भी आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर हमला करे तो उनसे बचना मुश्किल है शहर में बढ़ते आवारा पशु लोगों को जान के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा।

आवारा पशुओं को पकडकर गोशाला, जंगल मे छोडऩे की जिम्मेदारी नगर पालिका की है लेकिन न पालिका को लापरवाही से शहर में आवारा जानवर दिन में दिन बढ़ रहे हैं। जिससे शहर के लोगों में असंतोष किया जा रहा है।



नगरपालिका रोड़ पर सड़क के बीचो बीच खड़े आवारा पशु। फोटो : हरिभूमि

### अचानक हो सकता है हमला

सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। मेन सड़क, गली मोहल्लों में आवारा पशुओं का रहता है। आवारा पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अचानक हमला कर सकते हैं। वार्ड न तीन मे कुछ दिन पहले एक बुर्जुग को सांड ने हमला करके घायल कर दिया। उस बुजुर्ग की कुल्हे मे फैक्चर आ गया। अब उठने से भी लाचार है। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि हमारे कर्मचारी आवारा पशुओं का पकड़ कर शहर से बाहर आते है। जितने पशु पकड़ कर बाहर छोडते है। उससे अधिक आसपास के ग्रामीण लोग पशुओं को शहर मे छोड़ जाते है।

### डॉक्टर से फिरौती मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने डॉक्टर से फिरौती मांगने के आरोपी नितिन पुत्र वजीर सिंह वासी भागल जिला कैथल हॉल वासी सारसा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 31 मार्च 2024 को सेक्टर-5 वासी डॉ. आकाश ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका कंडा चौक कुरूक्षेत्र के पास इमेजिग एंड डाईगनोस्टिक सेंटर है। 30 मार्च 2024 को समय बाद उसी नंबर से ही व्हट्सएप कॉल आई और उसने नंबर पर व्हट्सएप दो वाईस मैसेज सेन्ड किए जिसमे उसने धमकी दी कि डा. साहब को कह देना कि या तो पचास लाख दो नहीं तो जान से मार देंगे। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई। टीम ने आरोपी नितिन पुत्र वजीर सिंह वासी भागल जिला कैथल हॉल वासी सारसा कुरुक्षेत्र गिरफ्तार कर लिया ।

# पानीपत में निजी अस्पताल में जच्चा व बच्चा की मौत

## डॉक्टर्स पर लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पुलिस ने जांच शुरू की

पानीपत के भावना चौक क्षेत्र में स्थित प्रीत नर्सिंग होम में जच्चा जसविंद्र पत्नी गुरमीत सिंह निवासी विष्णु कालोनी, तहसील कैंप क्षेत्र की व जन्मे बच्चे की मौत हो गई। जसविंद्र छह माह की गर्भवती थी और उसे अचानक ब्लीडिंग हो गई। खून बहने से जसविंद्र की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे प्रीत नर्सिंग होम में भर्ती करवाया। वही, प्री-मैच्योर डिलिवरी के दौरान जसविंद्र की मौत हो गई।

इधर, पत्नी व बच्चे की मौत के बाद पति गुरमीत सिंह व इसके परिजनों ने नर्सिंग होम के डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। प्रीत नर्सिंग होम में हंगामा होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने जसविंद्र के शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल के भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जसविंद्र अपने पीछे सात साल की बेटी हरसीरत व पांच साल का बेटा तरूण छोड गई है। इधर, पति गुरमीत सिंह का आरोप लगाया कि जसविंद्र के उपचार के प्रति प्रीत नर्सिंग होम के डॉक्टर शुरू से ही लापरवा रहे। नर्सिंग होम में संसाधन नहीं होने के बावजूद भी जसविंद्र को भर्ती किया गया और डॉक्टर्स की लापरवाही के कारण की जसविंद्र व बच्चे की मौत हो हुई।

## खबर संक्षेप

### विदेश में काम दिलवाने का झांसा देकर ठगे 8. 75 लाख

**यमुनानगर।** क्रोएशिया भेजकर कंपनी में काम दिलवाने का झांसा देकर गांव काजीबास निवासी रविंद्र सिंह से आठ लाख 75 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप सबीर ओवरसीस प्वाइंट के संचालक शोरभ शर्मा पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नशीला पदार्थ पिलाकर चुराए 53 हजार रुपये

**यमुनानगर।** शहर के रेलवे रोड़ स्थित एसबीआई बैंक से पैसे निकालकर घर लौटने लगे राजिंद्र वालिया को नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी जेब से 53 हजार रुपये चोरी कर लिए। घटना के बाद से राजिंद्र वालिया की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसका इलाज अस्पताल में वेंटीलेटर पर चल रहा है। चोरी की यह घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जहां पर पीली कमीज पहने एक व्यक्ति राजिंद्र से बातचीत करता दिखा और उसे अपने साथ बैंक से बाहर लेकर गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरी का धागा खरीदने वाले को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने उग्राखेड़ी गांव में गोदाम से धागा के चोरी किये 27 बोरे खरीदने वाले आरोपी को नई सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहम्मद कपिल निवासी सुरमाकिशनपुर सरसा बिहार हाल शास्त्री कॉलोनी के रूप में हुई।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध छात्रों को जागरूक किया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में पानीपत पुलिस की ओर से साइबर क्राइम के विरूद्ध और ट्रैफिक सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। हैड कांस्टेबल रेणु कुमारी ने विद्यार्थियों, टीचर्स व गैर शिक्षण स्टाफ को साइबर क्राइम से बचाव व ट्रैफिक नियमों की पालना के प्रति जागरूक किया।

### मोबाइल फोन छीनने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस टीम ने युवक से मोबाइल फोन छीनने वाले दो आरोपियों विक्रम गांव कुटानी व ईश्वर उर्फ बल्लू निवासी डाबर कॉलोनी, पानीपत को देशराज कॉलोनी में शमशान घाट के पास काबू किया।

---

रादौर एसडीएम कार्यालय में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

# राजनैतिक दलों को रैली करने से पहले लेनी होगी अनुमति

बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी जय प्रकाश ने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर रादौर के एसडीएम कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना) रादौर जय प्रकाश ने की। सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी जय प्रकाश ने बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्ति करने के बारे में अनुरोध किया। मौके पर उन्होंने रादौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों तथा कुल मतदाताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न टीमों गठन किया गया है। यह टीमें चुनावों की घोषणा के साथ ही एक्टिव कर दी गई हैं। जिनके द्वारा चुनावों के समय में राजनैतिक दलों द्वारा किए जाने वाले खचोंर् तथा संदिग्ध



**यमुनानगर।** रादौर में एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान दिशा निर्देश देते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी जय प्रकाश। *फोटो : हरिभूमि*

गतिविधियों आदि पर नजर रखी जाएगी।

इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार की खर्चे की अधिकतम सीमा राशि 95 लाख रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वह तुरंत प्रभाव से यह सुनिश्चित करवाएं कि उनके मतदान केन्द्रों पर किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित न हो गया हो। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूचियों से विलोपित होने के बारे में कोई सूचना उन्हें प्राप्त होती है तो तुरंत प्रभाव से संबंधित बीएलओ से सम्पर्क करें। इसके अतिरिक्त उनसे यह भी अनुरोध किया कि ऐसे सभी पात्र व्यक्ति जिसकी आयु 1 अप्रैल को 18 वर्ष या इससे अधिक हो गई है। मगर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं तो उन्हें अपनी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें।

#### स्थान निर्धारित किए गए

सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी जय प्रकाश ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु राजनैतिक दलों की रैलियों, पोस्टर व बैनर आदि लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। सभी राजनैतिक दलों को प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए स्थानों पर रैली आदि आयोजित करने से पूर्व संबन्धित रिटनिंर्ग अधिकारी से अनुमति लेनी अनिवार्य है। निर्धारित किए गए स्थानों के अतिरिक्त यदि किसी अन्य जगह पर किसी राजनीतिक दल द्वारा रैली, पोस्टर व बैनर आदि लगे पाए जाते हैं तो आयोग की हिदायत अनुसार उसके खिलाफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

---

# स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

- बच्चों को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर कांबोज में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव को लेकर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल स्टाफ व बच्चों ने आहूति डालकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि नये सत्र को लेकर स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नए विद्यार्थियों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ भी किया गया। जिसमें सभी ने आहूति डालकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि नये सत्र में शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में अन्य गतिविधियां भी आयोजित करवाई जाएंगी। जिसमें बच्चों को बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान अभिभावकों को सरकार द्वारा बच्चों के लिए स्कूल स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं से भी अवगत करवाया गया। मौके पर ईको क्लब प्रभारी अश्वनी कुमार ने बच्चों को पर्यावरण सरंक्षण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



**यमुनानगर।** गांव हरिपुर कांबोज स्थित सरकारी स्कूल में हवन यज्ञ में आहुति डालते स्टाफ सदस्य व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

---

# मारपीट के मामलों में केस दर्ज

- मारपीट में तीन लोग हो गए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में तीन अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव खेडा निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि उसने गांव के ही बलदेव सिंह से तीन फीट का रास्ता लिया था। आरोपी ने उससे झगड़ा कर रास्ते के दो बार पैसे ले लिए। मगर इसके बाद भी आरोपी उससे झगड़ा करता रहता है। एक अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ बाड़े से घर लौट रहा था। रास्ते में बलदेव उसके लड़के के साथ झगड़ा कर रहा था। जब उसने आरोपी को समझाने का प्रयास किया तो आरोपी ने कस्सी उठाकर उसके सिर में मारी। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव तिगरा निवासी कामिनी रानी ने बताया कि उसके देवर राजन ने उसके घर में घुसकर उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उसने डायल 112 पर घटना की सूचना दी।

#### घर में घुसकर हमला किया

वहीं, गांव कैत मंडी निवासी कृष्णा देवी ने बताया कि गांव के ही शिब्बा, जिया लाल व राहुल ने उसके घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया। चोट लगने से उसकी बाजू की हड्डी टूट गई। मारपीट की आवाज सुनकर अन्य लोगों को आता देखकर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# रितेश भारतीय सेना में चयनित

- होली मदर पब्लिक स्कूल के छात्र रितेश ने बढ़ाया गौरव
- स्कूल में पहुंचने पर छात्रा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर के छात्र रितेश अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर भारतीय सेना में चयनित हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर उसके परिवार, विद्यालय व उसके शिक्षकों को बहुत ही गर्व है। शुक्रवार को रितेश को स्कूल की प्रिंसिपल समेत स्टॉफ सदस्यों ने सम्मानित किया। स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका ने बताया कि छात्र रितेश ने 2019 में दसवीं व 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त किए तथा दो साल की कड़ी मेहनत करके सेना का फिजिकल, मैडिकल व रिटन इक्जाम क्लियर किया। 28 अप्रैल को वह बरेली ट्रेनिंग कैंप पर जा रहा है। रितेश के पिता पेशे से ड्राइवर हैं और माता गृहणी है। प्रिंसिपल मोनिका ने कहा कि रितेश की इस उपलब्धि से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे भी अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करें। स्कूल प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन जीएस शर्मा ने रितेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा रितेश के अध्यापकों को बधाई दी।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में छात्र रितेश को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल व स्टॉफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

---

# महिला टीम ने जीती सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप

- विजेता टीम का गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज की महिला टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता जीतकर जिले व कॉलेज का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को विजेता टीम के कॉलेज में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग समेत अन्य स्टॉफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में गत दिवश इंटर कॉलेज सॉफ्टबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कॉलेज की महिला टीम ने भी भाग लिया। इस दौरान कड़े मुकाबल में उनके कॉलेज की महिला टीम ने प्रतिद्वंधि टीम को कड़ी टक्कर देकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। उन्होंने कहा कि यह जीत कॉलेज की छात्राओं के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मौके पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ. बोधराज, प्रमुख डॉ. रणजीत सिंह ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टीम की सराहना की और उनकी सफलता का श्रेय कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन को दिया। विजेता टीम के कोच प्रो. कवलप्रीत सिंह ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में उल्लेखनीय टीम वर्क और खेल कौशल का प्रदर्शन कर ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी और आरकेएसडी कॉलेज कैथल की टीमों को हराया।

मौके पर डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ.संजय विज, प्रो. अरुण, प्रो. शिव और डॉ. अमरजीत सिंह समेत कोच सुरजीत सिंह ने विजेता टीम को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और खेलों में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता दोहराई।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में विजेता टीम ट्रॉफी के साथ कॉलेज प्राचार्य व स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

---

# संतोष ने जीती पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

- ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज की एंटी ड्रग कमेटी व एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर व स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह प्रतियोगिता नशीली दवाइयों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रखी गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में संतोष प्रथम, मधुबाला द्वितीय व कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में रोबिन कुमार प्रथम, जिया द्वितीय व निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या चंचल रानी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि हमें अपने आसपास सभी को नशे से मुक्त रखना है, यह हमारे मौलिक जिम्मेदारी है। निर्णायकों की भूमिका डॉ.राजेंद्र कुमार, प्रो.सतपाल, रीतू बेनीवाला व डॉ.ललित शर्मा ने निभाई। मौके पर डॉ.रिंकू शर्मा व एंटी ड्रग कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे।



**यमुनानगर।** कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता का निरीक्षण करते स्टाफ सदस्य।

---

# नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर किया हवन

- बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने मिलकर डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने मिलकर आहुति डाली। स्कूल की प्रधानाचार्य रितु सिंगला ने बताया कि स्कूल परिसर में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ हुआ। जिसमें आर्य समाज से आये हुए विद्वान विक्रम आचार्य द्वारा विधि विधान से मंत्रों के साथ स्कूल स्टाफ व बच्चों से हवन कराया गया। भगवान से सभी के लिए सद्बुद्धि की कामना की गई। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक ऐसा अंग है जो व्यक्ति का न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक, आध्यात्मिक व बौद्धिक विकास भी करती है। हर इंसान को सकारात्मक रूप से समाज में उन्नति की ओर ले जाती है। मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति के महासचिव संजीव अग्रवाल व निदेशक सारिका अग्रवाल ने भी बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी।



**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

---

### डिप्रेशन से बचाव के लिए खुलकर बात करें बच्चे

**रादौर।** लाईक पब्लिक स्कूल रादौर में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों को स्वास्थ्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को विश्व स्वास्थ्य दिवस का मुख्य विषय डिप्रेशन के बारे में भी बताया गया। स्कूल की प्रबंधक मंजू रानी ने बताया कि डिप्रेशन एक ऐसी बीमारी है। जिससे भारत की 36 प्रतिशत जनता पीड़ित है। ज्यादातर बच्चे परीक्षा के समय इस बीमारी से पीड़ित हो जाते हैं। इस बीमारी से बचने का एक ही उपाय है कि बच्चों को अपने अभिभावकों व टीचरों के साथ खुलकर बात करनी चाहिए। उनके समक्ष अपनी समस्याओं को रखकर उनका समाधान करवाना चाहिए।

---

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों को दिए निर्देश

# चुनाव में आचार संहिता की सख्ती से करें पालना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने राजनैतिक दलों को चुनाव के दौरान आचार संहिता की सख्ती से पालना करने के लिए आहवान किया है। उन्होंने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2024 के लोकसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व राजनैतिक पार्टियों को इसकी पालना करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जैसे ही उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगा वैसे ही उसके चुनावी खर्चे की गणना आरंभ हो जाएगी। उसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बिल खाते का ब्यौरा देना होगा।

उन्होंने बताया कि सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12 हजार 500 रुपये होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार 95 लाख रुपये तक की राशि खर्च कर सकता है। उम्मीदवारों को अपने खर्चे का विवरण चुनाव कार्यालय में जमा करवाना होगा।



**यमुनानगर।** निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

#### वाहन उपयोग के लिए लेनी होगी अनुमति

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि नामांकन पत्र भरते समय चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को फॉर्म 26 एफिडेविट के रूप में भरकर देना होगा। जिसे नोटरी या क्लास वन मजिस्ट्रेट से सत्यापित करवाना होगा। स्टार कैंपेनर के लिए वाहन के उपयोग के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से अनुमति प्राप्त करनी होगी। चुनाव के दिन एक वाहन में चालक सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों की अनुमति होगी। चुनाव रैलियों के लिए उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थान निर्धारित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ मोबाइल एप्लीकेशन तैयार किए हैं। जिनमें वोटर हेल्पलाइन, सक्षम ईसीआई, सी विजिल, वोटर टर्न आउट अपने प्रत्याशी के बारे में जानकारी शामिल है। इन एप्लीकेशन से मतदाताओं को घर बैठे तमाम जानकारियां उपलब्ध करवाने की सुविधा दी गई है।

---

# आढ़तियों ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

- अनाज मंडी के आढ़तियों के माध्यम से खरीदी जाए सूरजमुखी की फसल : संधाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा स्टेट अनाज मंडी एसोसिएशन ने सरकार से सूरजमुखी की फसल को अनाज मंडी के आढ़तियों के माध्यम से खरीदे जाने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को जिला सचिवालय में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम मौके पर मौजूद एडीसी आयुष सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार सुबह हरियाणा स्टेट अनाज मंडी एसोसिएशन से जुड़े आढ़ती जिला प्रधान शिव कुमार संधाला के नेतृत्व में जिला सचिवालय में पहुंचे। ज्ञापन में कहा कि आजकल अनाज मंडियों में सूरजमुखी की फसल बिकने को आ रही है। मगर सरकार द्वारा उसे आढ़तियों के माध्यम से नहीं खरीदा जा रहा है। जो काफी निंदनीय है। उन्होंने सरकार से सूरजमुखी की फसल को तुरंत अनाज मंडियों के आढ़तियों के माध्यम से खरीदी जाने के लिए मांग की। मौके पर एसोसिएशन के जिला प्रधान शिव कुमार संधाला, उप प्रधान दलजीत सिंह व जगपाल सिंह आदि ने सरकार से किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदी जाने, आढ़तियों को आढ़त का 2.5 प्रतिशत दिए जाने ,फसलों की खरीद का भुगतान किसानों की सहमति के साथ आढ़तियों के खाते में किए जाने, प्रदेश में दूसरी जगहों की फसल खरीद शुरु किए जाने आदि की मांग की।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम एडीसी को ज्ञापन सौंपने जाते हुए अनाज मंडी एसोसिएशन के आढ़ती। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### दमकल विभाग ने आग पर काबू पाने की दी ट्रेनिंग

**थानेसर।** दमकल विभाग कुरुक्षेत्र की तरफ से सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र के स्टाफ को आगजनी जैसे आपात स्थिति में आग पर काबू पाने की ट्रेनिंग दी गई। डॉ अनुपमा सैनी एसएमओ पॉली क्लिनिक ने बताया कि दमकल विभाग कुरुक्षेत्र के मास्टर ट्रेनर फायरमैन गुरप्रीत सिंह ने आग के प्रकार व आग बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी देने के साथ ही अस्पताल स्टाफ को आग से बचने और बचाने की ट्रेनिंग दी।

### एमएन कॉलेज में मतदाता के प्रति किया जागरूक

**शाहबाद।** मारकंडा राजकीय कॉलेज शाहबाद में मतदान तथा वोट बनवाने के लिए जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा ने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की नींव है और भारत में 97 करोड़ मतदाता हैं उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिन युवाओं की आयु 18 साल से उपर है, उन सभी को वोट अवश्य बनवानी चाहिए।

### किसानों को नहीं होने दी जाएगी समस्याः संदीप

**पिहोवा।** पूर्व राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि गेहूं के सीजन में किसानों एवं व्यापारियों को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। इसे लेकर सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर नजर रखने के लिए विशेष कमेटियों का गठन किया गया है। जो किसानों एवं व्यापारियों से तालमेल स्थापित करके सीजन में खरीद एवं लिफ्टिंग की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलवाएंगी।

### भारतीय संस्कृति में हवन का विशेष महत्व

**कुरुक्षेत्र।** पर्ल इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में गुरूवार को हवन-यज्ञ करके नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया। हवन-यज्ञ में स्कूल की प्रबंधक शिल्पी गुप्ता, प्राचार्या दीपशिखा बेनीवाल, स्कूल की शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुतियां डालकर नए सत्र का शुभारंभ किया व प्रसाद वितरित किया गया। स्कूल की प्रबंधक शिल्पी गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ का बहुत महत्व है। स्कूल की प्रिंसीपल दीपशिखा बेनीवाल ने कहा कि मेहनत व अभ्यास ही विद्यार्थियों के लिए सफलता की सीढ़ी है। इस मौके पर सुमिति, ममता भटनागर, निशा कौशिक, नीरू, प्रिया, कंवलजीत, प्रीति, पूजा, परवीन कौर, पारूल, दिव्या, अनिता उपस्थित रहे।

### मांगों को लेकर आढ़तियों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के निर्देशानुसार जिलाभर के आढ़तियों ने लघु सचिवालय पर उपायुक्त शांतनु शर्मा को मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार आढ़तियों ने जिला भर की आठ मंडियों में एक अप्रैल से लेकर पांच अप्रैल तक पांच दिवसीय धरना दिया। प्रधान अशोक गुप्ता ने कहा कि आढ़तियों की मांग है कि सभी फसलें जैसे कॉटन, सरसो, सूरजमुखी, बाजरा इत्यादि और अन्य सभी फसले सरकार द्वारा एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से ही खरीदी जाए और आढ़त पूरी 2.5 प्रतिशत मिलनी चाहिए।

#### सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने आठ सेक्टरों में बांटा मेला

# पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर चैत्र चौदस मेला आज से, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर 6 अप्रैल से 8 अप्रैल 2024 तक चैत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाएगा, इस मेले से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं तथा मेला क्षेत्र को आठ सेक्टरों में बांटा गया है। सरस्वती तीर्थ पर सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। एसडीएम अमन कुमार शुक्रवार को अपने कार्यालय में चैत्र चौदस मेले से संबंधित सेक्टर डयूटी मजिस्ट्रेट से उनसे सम्बंधित क्षेत्रों की तैयारियों के बारे में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मेला सेक्टर डयूटी मजिस्ट्रेट को आदेश देते हुए कहा कि समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर लें ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न आए। सभी अधिकारियों के मोबाइल नंबर एक्टिव रहें ताकि आपसी तालमेल में कोई परेशानी न आए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आदेश दिए कि वे अपने-अपने सेक्टरों में सफाई, बिजली, पीने के स्वच्छ पानी तथा टैंटेज की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित सभी मुख्य द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं तथा सुरक्षा की दृष्टि से हर नाके पर पुलिस विभाग के कर्मचारी के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है जोकि शिफ्ट अनुसार डयुटी देंगे। इस तीन दिवसीय मेले में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। मेले में इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मेले में श्रद्धालु हरियाणा के अलावा पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित अन्य प्रदेशों से भी आएंगे। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में पीने के पानी के टैंकरों तथा अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। सरस्वती तीर्थ की साफ-सफाई उपरांत उसमें साफ पानी भरा गया है। बिजली विभाग द्वारा मेले के दौरान बिजली की संचार व्यवस्था करवाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, जिससे बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आएगी। सिविल सर्जन मेला क्षेत्र में शिविर लगाकर मेला क्षेत्र में आने वाले लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चैत्र चौदस मेले में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। जिस भी अधिकारी व कर्मचारी की डयूटी है, वे वहां निरीक्षण करें तथा तैयारियों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



पिहोवा। अधिकारियों को संबोधित करते एसडीएम अमन कुमार।

**सभी विभागों के अधिकारी रहेंगे उपस्थित**

मेले में जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की तरफ से सूचना केंद्र की स्थापना बाल भवन में की जाएगी, जहां पर कर्मचारी मेले से सम्बंधित सूचनाएं आम जनता को देंगे। इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



पिहोवा। सरस्वती तीर्थ का अवलोकन करते सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह। फोटो : हरिभूमि

### पांच प्रदेशों के श्रद्धालु लेंगे चैत्र मेले में भाग

**पिहोवा।** पिहोवा में चैत्र मेले का शुभारंभ हो गया है। इस मेले की तैयारी और सभी प्रकार की सुरक्षा संबंधी निरीक्षण सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने अपनी टीम के साथ किया। उन्होंने हिमाचल से आये श्रद्धालुओं से भी मिलकर मेले में हो रही सुविधा और असुविधा न हो इस बारे में उनसे जाना और अपने संबंधित अधिकारियों को कुशल प्रशासनिक तरीके से मेले का संचालन करने के आदेश दिए। चैत्र मेले में सरस्वती सरोवर में स्नान करने के लिए श्रद्धालु हिमाचल, पंजाब,हरियाणा , देहली, राजस्थान व भारतवर्ष के कोने-कोने से आते हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु क्षेत्र मेले में स्नान करने के लिए और अपने पितरों के प्रति पिंडदान आदि करने के लिए यहां पर आते हैं और चौदस को लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर अपने पितरों का तर्पण तथा मां सरस्वती के पावन तीर्थ पर स्नान करते हैं। यह मेला महाभारत कालीन पांडवों द्वारा सरस्वती पर स्नान करके और भगवान श्री कृष्ण महाराज द्वारा उनका पिंडदान करवाए जाने से आज तक लगातार चलता रहा है। इस मेले में यहां पर स्नान करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है और आपके पित्रों का भी पिंडदान देकर आप उनके प्रति भी अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। चैत्र मेला हिंदुस्तान के बड़े मेलों में से एक है। लाखों लाख श्रद्धालु आकर यहां का पिंडदान और मां सरस्वती में स्नान करते हैं। वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच और उनकी टीम ने मेले का निरीक्षण किया। उनके साथ नगरपालिका अध्यक्ष आशीष शर्मा, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के सदस्य रघुविंद्र मोर्थली, तेजेंद्र सिंह गोल्डी, राकेश दीक्षित, हरदेव सैनी तथा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



लाडवा। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के हवन के शुभ आरम्भ। फोटो : हरिभूमि

### ग्लोब हेरिटेज में हवन के साथ शैक्षणिक सत्र का प्रारम्भ

**लाडवा।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रितु सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल परिसर में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का प्रारम्भ हुआ जिसमें आर्य समाज से आये हुए विद्वान विक्रम आचार्य द्वारा विधि विधान से मन्त्रों के साथ स्कूल स्टाफ व बच्चों से हवन कराया गया और भगवान से सभी के लिए सद्बुद्धि की कामना की गयी। शैक्षणिक सत्र शुभारम्भ के इस अवसर पर सभी बच्चों द्वारा स्टाफ सहित हवन की आहुतियां डाली गई व स्कूल प्रबंधक समिति सहित सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा बच्चों पर आशीर्वाद स्वरुप पुष्प वर्षा की गई। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनायें व आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक ऐसा अंग है जो व्यक्ति का न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक, आध्यात्मिक व बौद्धिक विकास भी करती है(



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को लेकर हुई बैठक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले किसी एक समाज के नहीं थे, अपितु हर समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत रहे है। इसलिए जयंती और नागरिक अभिनंदन समारोह में हर समाज के व्यक्ति को पहुंचने का निमंत्रण दिया है और सभी इस समारोह में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकताअरं की डयूटियां लगा दी गई है। इस कार्यक्रम में भाजपा के नेता भी अपने स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती और नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे थीम पार्क में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सैनी समाज सभा और सर्व समाज के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में मुख्यातिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे।

## अनिल वर्मा बने भाजपा कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी ने कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी घोषित की है, जिसमें प्रदेश एवं जिला स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं। यह नियुक्तियां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, सुरेंद्र पूनिया व डॉ रचना गुप्ता से विचार विमर्श उपरांत कला एवम सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक रेणु बाला गुप्ता द्वारा की गई हैं। इन नियुक्तियों में अनिल वर्मा को कुरुक्षेत्र में प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि अनिल वर्मा ने जनवरी में सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी के पद से 9 वर्ष पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृति ली थी और फरवरी में प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने उन्हें पार्टी में शामिल किया था। वर्मा ने कहा कि इस समय सारे देश में बीजेपी की लहर चल रही है और जून में भारी बहुमत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी और विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगी। अनिल वर्मा ने इस महत्वपूर्ण पद पर अपनी नियुक्ति पर सभी शीर्ष नेताओं और प्रदेश संयोजक रेणु बाला गुप्ता, थानेसर के विधायक व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, सांसद उम्मीदवार नवीन जिंदल का आभार जताया।



भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान का आभार व्यक्त करते अनिल वर्मा।

## हरियाणा कमेटी के हैड ऑफिस में बनाया जाएगा भाई गुरदास हॉल : भूपिंदर सिंह

- हरियाणा कमेटी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए कई अहम फैसलें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तेजा सिंह संमुद्री हाल की तर्ज पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट भाई गुरदास हाल बनाएगी। इसके साथ ही कमेटी द्वारा एक गुरमत विद्यालय भी बनाया जाएगा, ताकि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देते हुए प्रचारक, रागी व ढाडी जत्थे तैयार किए जा सकें। हैड ऑफिस कुरुक्षेत्र में बनाए जाने वाले इस हाल में सभी अहम मीटिंग होंगी। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध एवं कार्यकारिणी समिति मैंबर तथा धर्म प्रचार की कमान संभाल रहे बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने दी। इससे पहले हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी समिति की अहम बैठक प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, कार्यकारिणी समिति सदस्य बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने बताया कि हरियाणा कमेटी के धर्म प्रचार विंग में सरबजीत सिंह जम्मू बतौर सचिव नियुकत किया गया है। इसके साथ ही कर्मचारियों का ड्रैसकोड भी लागू करने का फैसला लिया गया है। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के दर्शन करने के लिए जाने वाली संगत के ठहराव हेतु एक सरां बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सरां एक साल में तैयार की जाएगी।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा कमेटी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में शामिल प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध एवं कार्यकारिणी समिति मैंबर साहिबान।

### सम्मान करना रणदीप सिंह सुरजेवाला की पहचान : मधुसूदन

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला एक सुलझा हुआ नेता तो है ही सुलझा हुआ व्यक्ति भी है। इसके साथ-साथ एक मृदुशाली संस्कारी नेता है। बवेजा ने कहा कि जो व्यक्ति इतनी बड़ी पार्टी की जिम्मेवारी निभाता हो वो कभी भी मर्यादा की सीमा पार नहीं कर सकता। बवेजा ने कि रणदीप के बयान के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर दिखाया जा रहा है।



## बाबू जगजीवन राम थे एक महान राजनीतिज्ञ

हरिभूमि न्यूज:कुरुक्षेत्र

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य सूरजभान कटारिया ने कहा कि महान व्यक्तित्व के धनी बाबू जगजीवन राम सामाजिक समरसता के सशक्त उदाहरण है। भाजपा नेता कटारिया ने आज बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर पुष्पाजंलि व्यक्त करते हुए कहा कि बाबूजी एक महान भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। कटारिया ने कहा कि देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम ने अपने राजनीतिक जीवन में कोई भी चुनाव हारे नहीं है। देश के अहम मुख्य मंत्रालयो जैसे- श्रम रोजगार, संचार, रेल, खाद्य, सहकारिता मे अपने कार्यो से सर्वश्रेष्ठ बने ऐसे महापुरुष दलित समाज के ही नहीं देश के धरोहर है उनकी समाज के प्रति उनकी कर्मठता, महानता ने उन्हें महापुरूषों की भूमिका में अग्रणी स्थान दिया है।



कुरुक्षेत्र। बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा नेता सूरजभान कटारिया। फोटो : हरिभूमि

### कथा में सुनाया सीता स्वयंवर प्रसंग

**लाडवा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हिंदू हाई स्कूल, लाडवा में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथामृत के द्वितीय दिवस के अंर्तगत दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या प्रज्ञाचक्षु मानस मर्मज्ञा साध्वी सची भारती ने सीता स्वयंवर प्रसंग को प्रभु भक्तों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भगवान जब धरती पर आते हैं तो उनका एकमात्र ध्येय होता है जन-जन को परम सत्य का साक्षात्कार करवाना। ब्रह्म ज्ञान के माध्यम से वे व्यक्ति के भीतर स्थित अविनाशी सत्य को प्रकट करते हैं। यही वह संजीवनी औषधि है जिससे वह जन समाज में पाप ताप नष्ट करते हैं।



### गीता विद्या मंदिर में निशा गोयल ने संभाला प्राचार्य का पदभार

**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर में नवनियुक्त प्राचार्या निशा गोयल ने पदभार संभाला। वंदना सत्र में माननीय प्रबंध समिति के सदस्यो व नव नियुक्त प्राचार्या निशा गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन व वंदना की गई। विद्यालय की प्रबंध समिति से प्रांत प्रतिनिधि अश्विनी गुप्ता, अध्यक्ष आशुतोष गर्ग, प्रबंधक अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर हिमांशु अरोड़ा, सदस्य रामकुमार सैनी ,सदस्य हरप्रीत सिंह व समस्त विद्यार्थी, विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। प्रांत प्रतिनिधि अश्विनी गुप्ता को प्रबंध समिति के माननीय सदस्यों द्वारा श्रीफल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अश्विनी गुप्ता ने प्राचार्य का परिचय करवाते हुए बताया कि प्राचार्य बहुत ही अनुभवी , मृदुभाषी व सबको साथ लेकर चलने वाली, सकारात्मक सोच रखकर कार्य करने वाली महिला है। प्राचार्या ने कहा कि उन्हें कार्य करने के लिए सभी आचार्य, बच्चों, अभिभावकों व समस्त कर्मचारियों का साथ चाहिए। नवनियुक्त प्राचार्या निशा गोयल को 20 सालों का प्राचार्य पद का अनुभव है। इन्होंने आते ही पहले दिन ही विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लास का आर्डर दिया ताकि विद्यार्थी नई तकनीक से पढ़ सकें।



## 9 को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता करेंगे दौरा

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा 9 अप्रैल को थानेसर खंड के गांव बिशनगढ़ , भिवानी खेड़ा घमूरखेड़ी, हंसाला, बहादुरपुरा, डोडा खेड़ी सहित अनेक गांवों का तूफानी द्वारा कर ग्रामीणों को वोट की अपील करेंगे । इस दौरान इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से लोगों को जागरूक करेंगे और बताएंगे कि किस तरह से भाजपा सरकार ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। आज प्रदेश के अंदर महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर है। जिससे लोगों का जीना बेहाल हो चुका है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन हुआ था जबकि भारतीय जनता पार्टी भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अबकी बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार होगी और देश के अंदर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए मजबूती से काम किया जाएगा।

#### प्रचार के दौरान चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखें उम्मीदवारः डीसी

# राजनीतिक दल व उम्मीदवार डूज एंड डोंट्स का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव -2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं (डूज एंड डॉन्ट) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और अविवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए।

### वाहनों पर रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए

चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को किसी भी आधिकारिक काम को चुनाव प्रचार या चुनावी गतिविधियों के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए और वित्तीय या अन्य किसी प्रकार का कोई प्रलोभन मतदाता को नहीं दिया जाना चाहिए। मतदाताओं की जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जानी चाहिए और न ही कोई ऐसी गतिविधि जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकती है या विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषाई समूहों के बीच आपसी द्वेष पैदा करती हो या तनाव पैदा करती हो, ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जानी चाहिए। चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों को यह सलाह दी जाती है कि वे नकद लेन-देन से बचें और अपने उम्मीदवारों, एजेंट, कर्मियों और पदाधिकारियों को निर्देश दें कि चुनाव के दौरान वे बड़ी मात्रा में नगद राशि अपने साथ न रखें। अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा लगाए गए पोस्टरों को हटाना या विकृत नहीं किया जाना चाहिए। वाहनों पर रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। उपायुक्त शांतनु शर्मा।

### ऑनलाइन चेक करें वोटिंग लिस्ट में अपना नाम

चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब कुछ ही समय शेष बचा है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले ही कर दिया है और मतदाताओं को इसमें अपना नाम सहित अन्य विवरण जांचने के लिए अंतिम मौका दिया है। इसलिए सभी मतदाता समय रहते अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का अवलोकन कर लें। मतदाता सूची में अपना नाम चेक करना बहुत ही आसान है। आप इसे ऑनलाइन अपने कंप्यूटर या मोबाइल से कर सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के लिए आपको अपने राज्य एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नाम, अपना प्रथम एवं अंतिम नाम, जन्म तिथि और आयु इत्यादि की जानकारी देनी होगी। चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि अगर आप अपने कंप्यूटर के जरिए यह काम कर रहे हैं तो आपको सबसे पहले चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटस.ईसीआई.जीओवी.इन पर जाना होगा।

